MEC 101

स्नातकोत्तर (अर्थशास्त्र) उपाधि कार्यक्रम
(MAEC)

सत्रीय कार्य 2026-27
जुलाई 2026 और जनवरी 2027 प्रवेश चक्र के लिए

पाठ्यक्रम कोड : एमईसीः –001/101
पाठ्यक्रम शीर्षक : व्यष्टि आर्थिक विश्लेषण

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

एमईसीः -101
व्यष्टि आर्थिक विश्लेषण
शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य
(2026–27)

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि बीएईसीएच के लिए कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है आपको MEC 101 के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह एक शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए) है और इसमें 100 अंक होते है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। टी एम ए को आपको विभिन्न श्रेणियों के सवालों के ज़वाब देने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां मूल्यांकन आपके उत्तर को व्यस्थित, सटीक और सुसंगत तरीके से प्रस्तुत करने की आपकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है।

जमा करना : पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक को जमा करना है।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि हैः

31 **मार्च** 2027	जून 2027 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए
30 **सितंबर** 2027	दिसंबर 2027 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए

व्यष्टि आर्थिक विश्लेषण
शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठ्यक्रम कोडः एमईसी.001/101
सत्रीय कार्य कोडः एएसटी/टीएमए/2026-27
कुल अंक : 100

भाग-1

निम्नलिखित प्रश्नों केउत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का होता है। **2x20=40 अंक**

1. निम्नलिखित कॉब-डग्लस उपयोगिता फलन पर विचार कीजिए :

$$U(X, Y)= X^{\alpha} Y^{(1-\alpha)}$$

जहाँ X तथा Y दो वस्तुएँ हैं जिनकी प्रति इकाई कीमतें क्रमशः P_x और P_y पर उपभोक्ता उपभोग करता है। उपभोक्ता की आय रु. M दिये जाने पर निर्धारित कीजिए :

क) वस्तुओं X और Y के मार्शलीय माँग फलन।

ख) उपभोक्ता का अप्रत्यक्ष उपयोगिता फलन।

ग) $\alpha = 1/2$, $P_x =$ रु. 2, $P_y =$ रु. 8 तथा M= रु.4000 दिये होने पर उपभोक्ता को प्राप्त अधिकतम उपयोगिता।

घ) रॉय की सर्वसमिका (identity) की व्युत्पत्ति कीजिए।

2. क) एक एकाधिकारवादी एक आगत x का उपयोग करता है, जिसे उत्पाद q का उत्पादन करने के लिए निश्चित मूल्य p=5 पर खरीदता है। उसकी मांग और उत्पादन फलन हैः

$$p = 85 - 3q \text{ और } q = 2x^{1/2} \text{ क्रमशः।}$$

साम्य उत्पादन और साम्य लाभ प्राप्त करें।

ख) ''वास्तविक दुनिया में, कभी–कभी इष्टतम कल्याण प्राप्त करना संभव नहीं होता है।'' परेटो इष्टतम प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं पर टिप्पणी करें और चर्चा करें।

भाग-2

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 12 अंकों का होत ाहै। **5 x 12=60 अंक**

3. कूर्नो (Cournot) का अल्पाधिकार का मॉडल वर्टेंड (Bertrand) के अल्पाधिकार के मॉडल से किस प्रकार भिन्न है?

4. (क) संपूर्ण एवं अपूर्ण सूचना द्यूतों की परिभाषा लिखिये।

(ख) इस प्रतिप्राप्ति आव्यूह पर विचार कीजिए : ऋणात्मक संख्याएँ दो व्यक्तियों A और B के संभावी कारावास में है।

i) दोनों के लिए अभीष्ट युक्तियाँ निर्धारित कीजिए।

ii) क्या A तथा B व्यक्ति के समक्ष बंदी की दुविधा उपस्थित है?

	व्यक्ति B		
व्यक्ति A		स्वीकारोक्ति	स्वीकारोक्ति नहीं
	स्वीकारोक्ति	(-5, -5)	(-1, -10)
	स्वीकारोक्ति नहीं	(-10, -1)	(-2, -2)

5. क) क्या आपको लगता है कि जोखिम से बचने वाला व्यक्ति जुआ खेलेगा या जोखिम प्रेमी बीमा खरीदेगा? अपना जवाब समझाएं।

ख) राधा के पास 10,000 रुपये की संपत्ति है और 0.002 की संभावना के साथ 3600 रुपये की हानि का सामना कर रही है। वह बीमा सुरक्षा के लिए G रुपये देने और व्यक्तिगत रूप से नुकसान का जोखिम उठाने के बीच उदासीन है। उपयोगिता फलन $U(W)=W^{1/2}$ के अनुसार वह $W \geq 0$ राशि की कुल संपत्ति का मूल्यांकन करती है। G निर्धारित करें।

6. (क) बाज़ार विफलता से आपका क्या तात्पर्य हैं? इसके कारण क्या हैं?

(ख) दार्शनिक रॉल्स द्वारा वर्णित न्याय के दो सिद्धांत क्या हैं?

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणीयाँ लिखिए:

क) vNM प्रत्याक्षित सिद्धांत

ख) सजातीय एवं समस्थित उत्पादन फलन

ग) संयोजनकारी एवं वियोजनकारी साम्यावस्थाएँ

घ) द्विपक्षीय एकाधिकार